कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.01.2023

//प्रेस विज्ञप्ति//
गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक खेल प्रतियोगिता

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग के तत्वाधान में तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव आयोजन किया गया जिसका उदघाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशीलचन्द्र तिवारी ने किया। उन्होनें अपने उदबोधन में कहा कि उन्हीं खेलों को खेल उत्सव में रखा गया है, जिसमें सभी छात्राएं अधिक से अधिक भाग ले सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा की शालेय और महाविद्यालय खेलों में भाग लेना ही बड़ी प्रतियोगिता की प्रारंभिक तैयारी जैसा है।

इस अवसर पर सबसे पहले मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमे एक सौ पन्द्रह छात्राओं ने हिस्सा लिया प्रथम स्थान – लक्ष्मी साहू, द्वितीय– सबीना, एवं तृतीय स्थान कु. परमेश्वरी ने प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता मे दो सौ पांच छात्राओ ने हिस्सा लिया। जिसमे प्रथम – हर्षिता नायक, द्वितीय– ओमनी साहू, तृतीय स्थान पर वर्षा देवांगन रही। एकल कैरम स्पर्धा में पचास छात्राओ ने हिस्सा लिया जिसमें प्रथम स्थान–नीतू कश्यप, द्वितीय–शारदा राजपूत, तृतीय स्थान पर सरस्वती गेण्ड्रे रहीं। डॉज बॉल प्रतियोगिता में कुल दस टीमों ने हिस्सा लिया प्रथम स्थान पर – बाहुबली, द्वितीय– मणी कनिका एवं तृतीय स्थान पर फाइटर की टीम रहीं।

स्लो सायकल बयांलीस खिलाडियो ने हिस्सा लिया जिसमें प्रथम – घनश्यामला साहू, द्वितीय–जामिनी साहू एवं तृतीय स्थान पर रिया बारले रहीं। रस्सा खींच प्रतियागिता में प्रथम स्थान पर– लक्ष्य ग्रुप, द्वितीय–विवेकानंद एवं तृतीय स्थान पर चाँदनी ग्रुप रही। इस प्रतियोगिता में पैंतीस टीमों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ के परम्परिक खेल फुगड़ी में छब्बीस छात्राओ ने हिस्सा लिया प्रथम स्थान पर उर्मिला, द्वितीय– वर्षा साहू एवं तृतीय स्थान पर अंजु आलेन्द्र रहीं। कैरम युगल प्रतियोगिता में कुल तेइस टीमों ने हिस्सा लिया– प्रथम काजल मंडावी एवं प्रियका, द्वितीय स्थान पर सरस्वती गेण्ड्रे एवं ममता तथा तृतीय स्थान पर गीतांजली एवं वर्षा ठाकरे रहीं।

प्रतियोगिता का संचालन डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ाधिकारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े ने किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में डॉ. मोनिया राकेश, श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ. अल्का दुग्गल, डॉ. मिलिन्द अमृतफले, डॉ. व्ही.के. वासनिक, डॉ. एम.एल. प्रसुन्ना, डॉ. मुक्ता बांखला, श्री जागृत ठाकुर, डॉ. अनुजा चौहान, डॉ. मंजूलता साव, कु. मधु पाण्डेय, कु. नूतन देशमुख, श्रीमती नीकू साहू, श्रीमती मीनाक्षी सिंह, कु. वर्षा त्रिपाठी, कु. पूजा यादव, डॉ. तोशिना तेलंग, कु. संगीता माया, कु. तृप्ति खरे, श्री विजय चन्द्राकर, श्री विमल यादव, श्री दीपक कश्यप, श्री रूपेश साहू, श्री मनकेश्वर पंडित, कु. पूजा यादव, श्री शंकर वैद्य ने अमूल्य सहयोग दिया। छात्राओं ने सभी प्रतियोगिता में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिये।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक खेल प्रतियोगिता